बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना
<u>लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा का कार्यक्रम</u>

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के अंतर्गत क्रमशः सहायक प्राध्यापक एवं व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित निम्नांकित विज्ञापनों के लिए लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा **पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों** पर निम्नांकित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगीः–

विज्ञापन संख्या	पदनाम एवं विषय	परीक्षा की तिथि
54/2020	सहायक प्राध्यापक, रसायन	**23.10.2022** (रविवार) 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक
56/2020	सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी	
57/2020	सहायक प्राध्यापक, भूगर्भ–शास्त्र	
63/2020	सहायक प्राध्यापक, भौतिकी	
66/2020	सहायक प्राध्यापक, गणित	
14/2020	व्याख्याता, विद्युत अभियंत्रण	**26.10.2022** (बुधवार) 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक
19/2020	व्याख्याता, भौतिकी	
20/2020	व्याख्याता, रसायन	
22/2020	व्याख्याता, गणित	
42/2020	व्याख्याता, यांत्रिकी अभियंत्रण	

उपर्युक्त विज्ञापनों में से जिन विज्ञापनों की सूचना आयोग द्वारा समाचार पत्रों एवं आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित कर आपत्ति की मांग की गई है, के उम्मीदवारों द्वारा समर्पित आपत्ति अभ्यावेदनों पर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे औपबंधिक अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवार, जिन्होंने आपत्ति अभ्यावेदन समर्पित किया है, की उम्मीदवारी के सम्बन्ध में सूचना आयोग के वेबसाईट पर अलग से प्रकाशित की जायेगी।

उपर्युक्त परीक्षा के लिए अर्हित/औपबंधिक अर्हित उम्मीदवारों का प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट <u>www.bpsc.bih.nic.in</u> अथवा <u>www.onlinebpsc.bih.gov.in</u> पर परीक्षा तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे, जिसे डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करेंगें। **उम्मीदवारों को डाक (By Post) से प्रवेश पत्र किसी भी स्थिति में नहीं भेजे जायेंगे।**

13.10.22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना